"इफको", कृभको" और "नाफेड" के अध्यक्षों का बदला जाना

414. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल में "इफको" "कृभको" और नाफेड के अध्यक्षों को बदलकर उनके स्थान पर नये अध्यक्षों का चयन किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

उप प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री (श्री देवी लाल) : (क) और ख) नेफेड और इफको के उप नियमों के अनुसार, अध्यक्ष का चुनाव निदेशक मण्डल को स्वयं अपने में से ही करना पड़ता है । नेफेड के निदेशक मण्डल ने 22 जनवरी, 1990 को नए अध्यक्ष का चुनाव किया था । इफको ने अभी नए अध्यक्ष का चुनाव करना है । भारत सरकार ने कृभको के निदेशक मण्डल के अध्यक्ष का नामांकन 19 दिसम्बर, 1989 को इसके अल्प-कालीन उप-नियमों के अन्तर्गत किया है।

वाराणसी और दिल्ली के बीच सुपर फास्ट रेलगाड़ी का आरंभ किया जाना

415. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या वाराणसी और दिल्ली के बीच सुपर फ़ास्ट रेलगाड़ी के आरंभ किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अंतिम निर्णय के कब तक ले लिए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीज) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

प्रथम श्रेणी के डिब्बे समाप्त किए जाने का प्रस्ताव

416. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलगाड़ियों से प्रथम श्रेणी के समाप्त किए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक ले लिए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फ़र्नांडीज) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

Mass Sapid Transport System in Madras

417. SHRI M. VINCENT : Wifl the Minister of RAILWAYS' be pleased to state:

(a) whether, it is a fact that his Ministry are taking up the issue for allotting more funds for the speedy implementation of the Mass Rapid Transport System in Madras with the Planning Commission; and

(b) if so, the steps taken to expedite this project so far

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI, GEORGE FERNANDES)', (a) Yes, Sir.

***(b)* (i) Allocation of funds to the project has been increased/**

(ii) The State Govt. df. Tamil Nadu has been: approached to makf available the balance land required for conttructias of this project,